# प्रेसनोट – 04.09.2026

***अपहरण के मामले में वांछित एक नफर अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार***

पुलिस अधीक्षक मऊ श्री कमलेश बहादुर के निर्देशन में अपराध/ अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक श्री अनूप कुमार के कुशल पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी मधुबन श्री दिनेशदत्त मिश्र के कुशल निर्देशन में थाना रामपुर पुलिस टीम द्वारा दिनांक 04.09.2026 को शिमला पब्लिक स्कूल के पास भेड़वरा मल्ल गांव की ओर जाने वाले रोड पहाड़ीपुर खिरिया के पास से मु0अ0सं0- 77/2026 धारा 87/137(2) बीएनएस थाना रामपुर जनपद मऊ से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त असरफ उर्फ असरत उर्फ साधु पुत्र नसरूद्दीन निवासी ग्राम भेड़वराबारी (लोहजरा बारी) थाना रामपुर जनपद मऊ को गिरफ्तार किया गया तथा अभियुक्त का चालान माननीय न्यायालय किया गया।

***पंजीकृत अभियोग का विवरण***

1. मु0अ0सं0- 77/2026 धारा 87/137(2) बीएनएस थाना रामपुर जनपद मऊ।

***गिरफ्तार अभियुक्त का नाम, पता***

1.असरफ उर्फ असरत उर्फ साधु पुत्र नसरूद्दीन निवासी ग्राम भेड़वराबारी (लोहजरा बारी) थाना रामपुर जनपद मऊ।

***गिरफ्तारी का दिनांक व स्थान***

1.दिनांक- 04.09.2026

2.स्थान- शिमला पब्लिक स्कूल के पास भेड़वरा मल्ल गांव की ओर जाने वाले रोड पहाड़ीपुर खिरिया के पास से

*अपराध/अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाये रखने के क्रम में जनपद के विभिन्न थानो में पंजीकृत अभियोगों में वांछित 03 अभियुक्तों को ₹25 - 25 हजार रूपये व 07 अभियुक्तों को ₹15- 15 हजार रूपये की धनराशि से पुरस्कार घोषित*

अपराध/अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, पुलिस अधीक्षक मऊ श्री कमलेश बहादुर द्वारा थाना कोपागंज में पंजीकृत 01 अभियोग में वांछित 03 अभियुक्तो को 25 -25 हजार रूपये की धनराशि से, थाना कोतवाली नगर में पंजीकृत 01 अभियोग में वांछित 02 अभियुक्तो को 15 -15 हजार रूपये की धनराशि से, थाना सरायलखंसी में पंजीकृत 01 अभियोग में वांछित 02 अभियुक्तो को 15 -15 हजार रूपये की धनराशि से, थाना मधुबन में पंजीकृत 03 अभियोग में वांछित 03 अभियुक्तो को 15 -15 हजार रूपये की धनराशि से का पुरस्कार घोषित किया गया है।

***थानावार विवरण***

**1.थाना कोपागंज** पर पंजीकृत मु0अ0सं0 106/2026 धारा 3/5/8 गोवध अधि0 व 11 पशु क्रूरता अधिनियम से सम्बन्धित अभियुक्तगण क्रमशः 1.धड़कू पुत्र करामत, 2.मन्ना पुत्र दीना, 3. जाकिर पुत्र मुस्तफा निवासीगण ग्राम लाड़नपुर चेलाराम का पुरा थाना कोपागंज जनपद मऊ को 25 -25 हजार रूपये की धनराशि से पुरस्कार घोषित किया गया।

**2.थाना कोतवाली नगर** पर पंजीकृत मु0अ0सं0 70/2026 धारा 331(4), 305(a), 317(2), 111(2)बी बीएनएस से सम्बन्धित अभियुक्तगण क्रमशः 1.संजय वर्मा पुत्र पारस वर्मा निवासी ग्राम कसया रोड़ राम गुलाम टोला थाना कोतवाली नगर जनपद देवरिया, 2. जियुत वर्मा पुत्र उर्फ दिनेश वर्मा पुत्र स्व0 जंगबहादुर निवासी ग्राम रगरगंज मथौली थाना रामकोला जनपद कुशीनगर को 15 -15 हजार रूपये की धनराशि से पुरस्कार घोषित किया गया।

**3.थाना सरायलखंसी** पर पंजीकृत मु0अ0सं0 110/2026 धारा 191(2), 109(1), 115(2), 352, 351(2), 103(1), बीएनएस से सम्बन्धित अभियुक्तगण क्रमशः 1.धर्मेन्द्र पुत्र मनई, 2. आजाद पुत्र जितेन्द्र निवासीगण ग्राम काझाखुर्द थाना सरायलखंसी जनपद मऊ को 15 -15 हजार रूपये की धनराशि से पुरस्कार घोषित किया गया।

4. **थाना मधुबन** पर पंजीकृत 1. मु0अ0सं0 254/2026 धारा 376(2)(n), 328, 504, 506 भादवि0 व 3/4 पाक्सो एक्ट व 3(2)5 एससी/ एसटी एक्ट से सम्बन्धित अभियुक्त अजय साहनी पुत्र शिशुपाल साहनी निवासी ग्राम लौवासाथ थाना मधुबन जनपद मऊ व 2. मु0अ0सं0 300/2026 धारा 2/3(1) यू0पी0 गैगेस्टर अधिनियम से सम्बन्धित अभियुक्त अहमद उर्फ पिन्टू पुत्र अब्बास निवासी ग्राम लखनी मुबारकपुर थाना घोसी जनपद मऊ, 3.मु0अ0सं0 05/2026 धारा 2/3(1) यू0पी0 गैगेस्टर अधिनियम से सम्बन्धित अभियुक्त गोलू पुत्र वकिल निवासी जीवापार थाना मधुबन जनपद मऊ को 15 -15 हजार रूपये की धनराशि से पुरस्कार घोषित किया गया।

***जनपद मऊ पुलिस द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही***

पुलिस अधीक्षक मऊ श्री कमलेश बहादुर के निर्देशन में दिनांक- 04.09.2026 को जनपद के समस्त थाना क्षेत्रों में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में विभिन्न थानो द्वारा प्रभावी कार्यवाही करते हुए अलग- अलग स्थानों से अभियुक्तों की गिरफ्तारी /बरामदगी व विभिन्न मामलों में वारंटी अभियुक्त को भी गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की गई।

***थानावार कार्यवाही का विवरण***

**1.थाना मधुबन** पुलिस द्वारा वारंटी अभियुक्त विकेश पुत्र रामजीत निवासी ग्राम भवरापुर थाना मधुबन जनपद मऊ।

अभियुक्त उपरोक्त को गिरफ्तार कर चालान माननीय न्यायालय किया गया।

***पुलिस अधीक्षक मऊ श्री कमलेश बहादुर के निर्देशन में दिनांक 04.09.2026 को जनपद मऊ के समस्त थाना क्षेत्रान्तर्गत संदिग्ध व्यक्तियों/ वाहनो व यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध व्यापक चेकिंग अभियान चलाया गया***

इस अभियान के अंतर्गत 32 टीम गठित कर जनपद के 32 स्थानों पर बदल बदलकर लगभग 1410 सदिग्ध वाहनो/व्यक्तियो को चेक किया गया जिसमें यातायात के नियमों का पालन न करने पर 441 वाहनों को विभिन्न धाराओ में चालान किया गया साथ ही साथ अन्य लोगों को हिदायत भी दी गयी तथा यातायात नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाने हेतु वाहन चालकों को नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया गया।

पुलिस अधीक्षक मऊ द्वारा आमजन से अपील की गई है कि वे यातायात नियमों का पालन करें, हेलमेट एवं सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से प्रयोग करें एवं गलत स्थानो पर पार्किंग नही करे तथा सुरक्षित यातायात में सहयोग प्रदान करें।